भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1584**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर दुर्घटनाएं**

1584. श्री कंवर सिंह तंवर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर उत्तर प्रदेश के हापुड़ बाबूगढ़ से सिखेड़ा, हिम्मतपुर और सिंभावली तक डिवाइडर पर उगने वाली घास और राजमार्ग पर आवारा पशुओं के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो डिवाइडरों से घास हटाने और आवारा पशुओं को राजमार्ग पर आने से रोकने के लिए प्रभावी उपाय नहीं करने के क्या कारण हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-9 के इस खंड पर कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं और इन दुर्घटनाओं में कितने लोगों की मृत्यु हुई है और कितने लोग घायल हुए हैं;

(घ) सरकार द्वारा डिवाइडरों से घास हटाने, आवारा पशुओं को राजमार्ग पर आने से रोकने और राष्ट्रीय राजमार्ग-9 के इस खंड पर सड़क सुरक्षा में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) इन सुरक्षा उपायों को पूरा किए जाने की समय-सीमा क्या है और इस उद्देश्य के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। उक्त खंड, बाईपास किए गए पुराने हिस्से का भाग है, जिसे 2022 में बाईपास किए गए खंड के एकबारगी सुधार के पश्चात् राज्य सरकार को सौंप दिया गया है।

*****